<u>कक्षा 10 एवं 12 में प्रवेश संबंधी सूचना द्वितीय अधिसूचना</u>

दिनांक : 03/05/2025

केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय एवं अस्थानांतरणीय कर्मचारी एवं भूतपूर्व सैनिकों के पाल्य (प्रोजेक्ट केंद्रीय विद्यालय सेवा श्रेणी- 1एवं 2) एवं भारत सरकार के स्वायत निकायों, सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रम एवं उच्चतर शिक्षण संस्थानों के स्थानांतरणीय एवं अस्थानांतरणीय कर्मचारियों के पाल्य (प्रोजेक्ट केंद्रीय विद्यालय सेवा श्रेणी- 3) के अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि केंद्रीय विद्यालय भेल जगदीशपुर में कक्षा 10 एवं 12 में विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु कुछ स्थान अभी भी रिक्त हैं। जिसके लिए विद्यार्थियों के निशुल्क पंजीकरण **<u>03 मई 2025 से 25 मई 2025 तक</u>** किया जायगा ।

पंजीकरण के लिए निम्न शर्तें अनिवार्य है-

1. **<u>कक्षा 10 में प्रवेश के लिए:</u>**

O केंद्र सरकार की सेवा में कार्यरत अभिभावक (केंद्रीय विद्यालय प्रोजेक्ट स्कूल की सेवा श्रेणी-1 से 3) एवं सीबीएसई के कक्षा 10 एवं 12 में अध्ययनरत पाल्य डायरेक्ट एडमिशन सर्कुलर COORD/SO(Ptg)/LOC/2019/05/04/2019 (पत्र निम्न लिंक पर उपलब्ध) की शर्तों को पूरा करते हो ।

https://www.cbse.gov.in/cbsenew/documents//Schedule_Activities_11082023.pdf

oविद्यार्थी ने कक्षा 9 में CBSE बोर्ड में सत्र 2024-25 नामांकन कराया हो।

o विद्यार्थी की उम्र 31 मार्च 2025 को 14 से 16 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

o कक्षा 9 में कम से कम 55% अंक प्राप्त किये हों।

o विद्यार्थी ने CBSE में जिन विषयों का चुनाव कक्षा 9 में किया है, वही विषय केंद्रीय विद्यालय भेल जगदीशपुर में उपलब्ध होने चाहिये।

2. **<u>कक्षा 12 में प्रवेश के लिए:</u>**

o केंद्र सरकार की सेवा में कार्यरत अभिभावक (केंद्रीय विद्यालय प्रोजेक्ट स्कूल की सेवा श्रेणी-1 से 3) एवं सीबीएसई के कक्षा 12 में अध्ययनरत पाल्य डायरेक्ट एडमिशन सर्कुलर COORD/SO(Ptg)/LOC/2019/05/04/2019 (पत्र निम्न लिंक पर उपलब्ध) की शर्तों को पूरा करते हो।

https://www.cbse.gov.in/cbsenew/documents//Schedule_Activities_11082023.pdf

o विद्यार्थी ने कक्षा 11 में CBSE बोर्ड में सत्र 2024-25 नामांकन कराया हो।

o कक्षा 11 में कम से कम 55% अंक प्राप्त किये हों।

o विद्यार्थी ने CBSE में जिन विषयों का चुनाव कक्षा 11 में किया है, वही विषय केंद्रीय विद्यालय भेल जगदीशपुर में उपलब्ध होने चाहिये।

आलोक-

1. ***प्रवेश की प्रक्रिया KVS एवं CBSE के नियमों के अनुसार पूरी की जाएगी। प्रवेश तभी मान्य होगा जब CBSE से इसकी अनुमति मिल जाएगी।***
2. ***समस्त प्रवेश लॉटरी के माध्यम से होंगे । लॉटरी प्रक्रिया में सेवा श्रेणी एवं स्थानांतरण को प्राथमिकता मिलेगी ।***
3. ***कृपया ध्यान रखें कि केवल पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) से प्रवेश की गारंटी नहीं है।***

प्राचार्य

केंद्रीय विद्यालय भेल जगदीशपुर अमेठी